भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तरी क्षेत्र)

प्रचालन भवन परिसर, रैडिसन होटल के निकट

नई दिल्ली - 110037

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तरी क्षेत्र) एवं विभिन्न घरेलू हवाईअड्डों में रुपये 6300-180-8460-200-12060 (पूर्व संशोधित) के वेतनमान में भत्तों सहित **वरिष्ठ सहायक (राजभाषा)** - हिन्दी अनुवादक के पद हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं । पदों की कुल संभावित संख्या आरक्षण सहित 05 हैं । इनमें सामान्य श्रेणी हेतु 03 पद हैं जबकि अन्य पिछड़े वर्गों के लिए 01 पद और अनुसूचित जनजाति के लिए 01 पद आरक्षित है । इन पदों हेतु पात्रता मानदण्ड निम्नानुसार हैं :

आयु : दिनांक 01-08-2010 को 18 से 30 वर्ष (केन्द्रीय सरकार के नियमों के अनुसार अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / शारीरिक विकलांग / भूतपूर्व-सैनिकों हेतु आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी ।)

शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव :

स्नातक परीक्षा में हिन्दी / अंग्रेजी अनिवार्य / वैकल्पिक विषय के तौर पर हो या परीक्षा का माध्यम हो और साथ ही किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी / अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि हो ।

(अथवा)

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी / अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर उपाधि, साथ ही स्नातक स्तर पर हिन्दी / अंग्रेजी माध्यम के रुप में हो तथा अंग्रेजी / हिन्दी वैकल्पिक / अनिवार्य विषय के रुप में हो ।

(अथवा)

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी / अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि और स्नातक स्तर पर हिन्दी / अंग्रेजी अनिवार्य / वैकल्पिक विषय के रुप में हो और अंग्रेजी / हिन्दी परीक्षा के माध्यम के रुप में हो ।

(अथवा)

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि जिसमें हिन्दी तथा अंग्रेजी अनिवार्य / वैकल्पिक विषय हो अथवा इनमें से कोई एक विषय परीक्षा के माध्यम के रुप में हो और दूसरा विषय अनिवार्य / वैकल्पिक विषय के रुप में हो । इसके साथ ही हिन्दी से अंग्रेजी व अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने का मान्यता प्राप्त डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रमाण-पत्र हो अथवा भारत सरकार के उपक्रमों सहित केन्द्र / राज्य सरकार के कार्यालयों आदि में हिन्दी से अंग्रेजी व अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कार्य का दो वर्ष का अनुभव हो ।

<u>वांछनीय</u> : हिन्दी टाइपिंग का ज्ञान ।

जारी पृष्ठ.....3/-

आवेदन कैसे करें :

उपर्युक्त मानदण्डों को पूरा करने वाले उम्मीदवार अपना आवेदन नीचे दिए गए निर्धारित प्रोफार्मा में महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) कार्यालय क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (उत्तरी क्षेत्र), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, प्रचालन कार्यालय परिसर, रैडिसन होटल के पास, नई दिल्ली -110037 के पते पर दिनांक .... तक भेजें । आवेदन के साथ किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी रु. 400 /- (रुपये चार सौ मात्र) का डिमान्ड ड्राफ्ट, जो भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (उत्तरी क्षेत्र) के नाम पालम में देय हो, सलंग्न करें । अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के तथा महिला उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क देने से छूट है । सरकारी / भारत सरकार के उपक्रम में कार्यरत कर्मचारी अपना आवदेन उचित माध्यम से भेजें । आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज / प्रमाण-पत्र सलंग्न किए जाएं :

1. रु0 400/- का डिमांड ड्राफ्ट ।
2. शैक्षिक योग्यताओं और प्रत्येक वर्ष की अंक तालिका की फोटोप्रतियां ।
3. जन्म तिथि प्रमाण-पत्र ।
4. निर्धारित प्रोफार्म में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाण-पत्र की फोटो प्रति ।
5. हाल ही में खिंचाए गए 03 पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ जिनमें से एक फोटोग्राफ आवेदन-पत्र में सामने की ओर चिपका हो और उसके ऊपर विधिवत् रुप से हस्ताक्षर किए गए हों और दो शेष फोटोग्राफ आवेदन-पत्र के साथ स्टैपल किए जाएं जिनके पीछे उम्मीदवार के हस्ताक्षर हों ।

अपूर्ण आवेदन / नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन बिना किसी पत्राचार के अस्वीकार कर दिए जाएंगे ।

जारी पृष्ठ.....4/-

चयन प्रक्रिया :

उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा ।

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति हेतु छूट / रियायत :

क. आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट ।

ख. कोई आवेदन शुल्क नहीं ।

ग. वे उम्मीदवार जो सरकारी कार्यालय / सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत नहीं हैं , को साक्षात्कार के समय भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नियमानुसार सबसे निकटतम मार्ग का द्वितीय श्रेणी का रेल किराया प्रदान किया जाएगा ।

अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु छूट / रियायत :

क. ऊपरी आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट ।

ख. अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र भारत सरकार द्वारा केन्द्र सरकार की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार होना चाहिए ।

जारी पृष्ठ.....5/-

आवेदन प्रोफार्मा

आवेदक का नाम : ....

जाति /श्रेणी विवरण : ____

जन्म तिथि : ....

शैक्षिक योग्यता : ....

परीक्षा का नाम	विश्वविद्यालय का नाम	उत्तीर्ण करने का माह और वर्ष	मुख्य विषय	वैकल्पिक विषय	अंको का प्रतिशत

जारी पृष्ठ.....6/-

अनुभव, यदि हो : ....

पिता का नाम : ....

क्या आप वर्तमान में किसी सरकारी / सरकारी क्षेत्र के उपक्रम / स्वायत्त निकाय में कार्यरत है ?

यदि हाँ, तो अपने पद का विवरण दें

:..

डिमान्ड ड्राफ्ट का विवरण : संख्या : तारीख :

पता :

....

....

घोषणा

मैं एतद्द्वारा यह प्रमाणित करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गयी उपर्युक्त सूचना मेरे ज्ञान तथा विश्वास के अनुसार पूर्णतया सही है ।

हस्ताक्षर